C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com

भावपूर्ण श्रद्धांजलि




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:59 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 59 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 19 अगस्त 2025

अच्युत पोतदार का निधन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पहाड़ों में तेज बारिश के आसार मानसून की रफ्तार हुई धीमी

**देहरादून।** प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी होने से राहत मिलने लगी है। पहाड़ों पर हालांकि बारिश के आसार हैं, लेकिन मैदान में मौसम साफ रहेगा। उत्तराखंड में मानसून की रफ्तार धीमी हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि पर्वतीय इलाकों में अभी तेज दौर की बारिश परेशान कर सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज (मंगलवार) पर्वतीय इलाकों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले के कुछ इलाकों तेज बारिश होने की संभावना है। अन्य जिलों में भी बिजली चमकने के साथ तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 24 अगस्त तक प्रदेशभर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहने वाला है।

### दो दिन बाद खुला मौसम तो शुरू हुई हेली सेवा

**उत्तरकाशी।** मौसम के चलते उत्तरकाशी में रेस्क्यू चुनौती बना हुआ है। हालांकि दो दिन बाद आज मौसम साफ होने पर हेली सेवा शुरू की गई है। आपदा प्रभावित क्षेत्र में रसद सामग्री पहुंचाई जा रही है। उत्तरकाशी में दो दिन बाद मौसम खुला तो आपदा प्रभावित हर्षिल क्षेत्र में हेली सेवा शुरू हुई। मंगलवार को एमआई-17 से आपदा प्रभावित क्षेत्र के लिए रसद सामग्री भेजी गई। यहां से लोगों को भी रेसक्यू किया जा रहा है। हर्षिल के बीच से बहने वाली ककोडा गाड में बीते रविवार को जलस्तर में वृद्धि देखने को मिली। वहीं उसके मुहाने पर एक ग्लेशियर भी देखने को मिला है। वन विभाग की ओर से जिला प्रशासन को सूचना देने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को एसडीआरएफ और वन विभाग की एक टीम उसके निरीक्षण के लिए रवाना हो गई है। हालांकि इस पर स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ग्लेशियर पहले से ही दिखता था। उसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार

नई दिल्ली

एजेंसी


विपक्ष के उम्मीदवार के एलान के वक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह उपराष्ट्रपति पद का चुनाव एक वैचारिक लड़ाई है और सभी विपक्षी दल इस पर सहमत हैं। यही कारण है कि हमने बी. सुदर्शन रेड्डी को संयुक्त उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। उनका मुकाबला राजग उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का एलान किया। उन्होंने बताया कि



**मुकाबला**

- मुकाबला राजग उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा

विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का एलान किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे एक गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की। पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। विपक्षी गठबंधन की ओर से अपने नाम का एलान किए जाने के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी दलों से समर्थन की अपील करता हूं। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का जन्म 8 जुलाई, 1946 को अकुला मायलाराम गांव, पूर्व इब्राहिमपट्टनम तालुका, रंगारेड्डी (आंध्र प्रदेश) में हुआ था। उनका नाता वर्तमान में कंदुकुर राजस्व मंडल के तहत आने वाले गांव के एक कृषक परिवार से रहा। उन्होंने हैदराबाद में पढ़ाई की और 1971 में उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से कानून की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1971 में ही अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली। इसके बाद वे वरिष्ठ अधिवक्ता के. प्रताप रेड्डी के चैंबर में शामिल हुए।



### उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू

# मानसून सत्रः विपक्ष का हंगामा सचिव की टेबल पलटी, माइक तोड़ा

देहरादून

हमारे संवाददाता

प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आज 19 से 22 अगस्त तक विधानसभा का मानसून सत्र चलेगा। सदन पटल पर सदस्यों के लगभग 550 से अधिक प्रश्न मंत्रियों की परीक्षा लेंगे। वित्त मंत्री के तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अनुपूरक बजट पेश करेंगे।

कांग्रेस विधायकों ने कार्यसूची फाड़ी और सदन में उछाली। इसके बार वेल में धरने पर बैठ गए। विधानसभा अध्यक्ष ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ये बेहद दुखद है। सदन के अंदर सचिव के टेबल, माइक और टेबलेट को तोड़ दिया गया। कानून व्यवस्था पर कांग्रेस के विरोध के चलते लगातार कार्यवाही स्थगित की जा रही है। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी नेताओं ने सचिव की टेबल पलटने की कोशिश की। साथ ही माइक तोड़ दिया।

कांग्रेस विधायकों ने वेल में लहराए कागज। लगातार कर रहे प्रदर्शन और नारेबाजी। कानून व्यवस्था पर कांग्रेस के विरोध के चलते लगातार कार्यवाही स्थगित की जा रही है। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी नेताओं ने सचिव की टेबल पलटने की कोशिश की। साथ ही माइक तोड़ दिया। कांग्रेस विधायकों ने वेल में लहराए कागज। लगातार कर रहे प्रदर्शन और नारेबाजी। तीसरी बार सदन की स्थगन अवधि बढ़ाई गई है। पहले 11:40 तक सदन स्थगित किया था। फिर दोबारा कार्यवाही शुरू हुई। इसके 10 मिनट और अवधि बढ़ाई गई। अब सदन की कार्यवाही तीन बजे तक स्थगित की गई।



### सत्र से पहले नेता प्रतिपक्ष और सीएम धामी की मुलाकात

प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आज 19 से 22 अगस्त तक विधानसभा का मानसून सत्र चलेगा। सदन पटल पर सदस्यों के लगभग 550 से अधिक प्रश्न मंत्रियों की परीक्षा लेंगे। वित्त मंत्री के तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अनुपूरक बजट पेश करेंगे। भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले सीएम धामी ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से भेंट की। इस दौरान माननीय संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद रहे। विधानसभा का मानसून सत्र कुछ ही देर में शुरू होगा। इससे पहले कांग्रेस ने वोट चोरी के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

# विपक्ष का बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में जोरदार हंगामा

नई दिल्ली

एजेंसी

संसद के मानसून सत्र में मंगलवार को भी लोकसभा में विपक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया जा रहा हैं। विपक्ष बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रदर्शन कर रहा है। लोकसभा और राज्यसभा में इस मुद्दे पर जोरदार हंगामा जारी है।

लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के हंगामे के कारण स्थगित हुई थी। दोपहर 12 बजे कार्यवाही शुरू होने के साथ ही एक बार फिर से विपक्ष की तरफ से एसआईआर को लेकर जोरदार हंगामा किया जा रहा है। एनसीपी-एसपी के सांसदों ने संसद परिसर में दूध की कीमतों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, ये हमारी पार्टी का स्टैंड है कि जो भी वोट चोरी हो रही है, वोट में बदलाव कर रहे हैं और वोटों की हेराफेरी हो रही है इसके खिलाफ हम पूरे देश में माहौल बनाना चाहते हैं कि लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। अगर ऐसे चोरी करके गद्दी पर बैठेंगे तो लोकतंत्र के लिए हितकारी नहीं है। ये संविधान की हत्या है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, ये हमारी पार्टी का स्टैंड है कि जो भी वोट चोरी हो रही है, वोट में बदलाव कर रहे हैं और वोटों की हेराफेरी हो रही है इसके खिलाफ हम पूरे देश में माहौल बनाना चाहते हैं कि लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।



# तीन दिवसीय दौरे पर रूस जाएंगे विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली

एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर रूस जाएंगे। इस यात्रा की जानकारी ऐसे वक्त सामने आई है, जब एक दिन पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की थी। पुतिन ने पीएम मोदी को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई मुलाकात के बारे में बताया था।

इस बीच विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस के पहले उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 20 अगस्त को निर्धारित आईआरआईजीसी-

**यात्रा**

- पीएम मोदी-पुतिन की बातचीत के एक दिन बाद ऐलान

टीईसी के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करने के लिए 19-21 अगस्त 2025 तक रूस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को संबोधित करेंगे।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री रूसी संघ के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मिलेंगे। वे द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे। दोनों क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे।

# दीपा बनीं नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष, कांग्रेस की देवकी उपाध्यक्ष

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लंबे इंतजार और सियासी घमासान के बीच आखिरकार नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव का परिणाम घोषित हो गया, जिला पंचायत एक्ट के तहत हुई मतगणना में भाजपा प्रत्याशी दीपा दर्मवाल ने जीत हासिल कर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमाया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर देवकी बिष्ट विजयी रहीं।

**मतगणना का परिणामः** नैनीताल जिले में कुल 27 जिला पंचायत सदस्य हैं, इनमें से केवल 22 सदस्यों ने मतदान किया, जबकि 5 सदस्य मतदान में शामिल नहीं हो सके,इन 22 वोटों में भाजपा प्रत्याशी दीपा दर्मवाल को 11 वोट, कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा नेगी को 10 वोट मिले, जबकि एक वोट अवैध





(अनवैलिड) घोषित किया गया,इस तरह मात्र एक वोट के अंतर से भाजपा प्रत्याशी ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की।

**अपहरण का आरोप और विवादः** चुनाव प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए,कांग्रेस नेताओं का कहना था कि उनके 5 जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण कर लिया गया, ताकि वे मतदान में शामिल न हो सकें। यही नहीं, इस मामले को लेकर कांग्रेस ने नैनीताल हाईकोर्ट का दरवाज़ा भी खटखटाया था। यह मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है और इस पर आज भी सुनवाई होनी है। हालांकि बाद में उन्हीं पांच सदस्यों ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर दावा किया कि वे कहीं घूमने गए थे, इसी वजह से वे मतदान में शामिल नहीं हो पाए। इससे पूरे घटनाक्रम में और भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। जीत के बाद माहौल चुनाव परिणाम घोषित होते ही भाजपा खेमे में जश्न का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने दीपा दर्मवाल और देवकी बिष्ट को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। अधिकारियों ने औपचारिक प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों विजेताओं को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) भी सौंप दिए हैं।

**राजनीतिक मायनेः** नैनीताल जिला पंचायत का यह चुनाव शुरू से ही सुर्खियों में रहा। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही इसे प्रतिष्ठा का चुनाव बना दिया था। एक वोट के अंतर से हुआ यह नतीजा भाजपा के लिए बड़ी जीत मानी जा रही है। वहीं कांग्रेस लगातार इस चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है और कोर्ट में भी अपनी लड़ाई जारी रखे हुए है। जीला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल ने कहा यह जीत जनता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

# मुर्गियां और अंडे का व्यापार रोकने को सीमा सील

**अल्मोड़ा**
हमारे संवाददाता




बर्ड फ्लू (एच5एन1) के खतरे को देखते हुए जिले की सीमाएं मुर्गियों और अंडे के व्यापार के लिए सील कर दी हैं। जिले के बाहर से मुर्गियों और अंडों के आयात पर 21 अगस्त तक प्रतिबंध लगाया गया है। डीएम की अध्यक्षता में एक त्वरित टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सभी विकासखंडों में रैपिड रिस्पांस टीम बनाई गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति का त्वरित समाधान किया जा सके। बर्ड फ्लू के खतरे को ध्यान में रखते हुए सोमवार को डीएम कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ रामजीशरण शर्मा ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। कहा कि वर्तमान में जिले में बर्ड फ्लू का कोई भी पॉजिटिव केस नहीं आया है। फिर भी एहतियाती कदम उठाते हुए जिले की सीमाओं को मुर्गियों और अंडे के व्यापार के लिए सील कर दिया है। उन्होंने जिले के अंतर्गत पोल्ट्री फार्मों की नियमित जांच करने के साथ फार्म संचालकों को जागरूक करने के निर्देश पशुपालन विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में सीवीओ डॉ. योगेश अग्रवाल, सीओ जीडी जोशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

उधर रामपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने उत्तराखंड और रामपुर से शहर आने वाले चिकन व अंडे को प्रतिबंधित कर दिया है। जब तक इन क्षेत्रों की बर्ड फ्लू की रिपोर्ट निगेटिव नहीं आती है तब तक प्रतिबंध जारी रहेगा। रामपुर जिले के बिलासपुर में मुर्गों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद अन्य जिलों में दहशत फैल गई है। डीएम अनुज सिंह के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने छजलैट ब्लॉक के पांच पोल्ट्री फार्मों के मुर्गों और मुर्गियों की जांच की लेकिन कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

## बर्ड फ्लू की आशंका के चलते तीन स्थानों से सैंपल भरे

**अमरोहा।** हसनपुर व उसके आसपास के गांवों में पक्षियों की बीमारी से लोगों में बर्ड फ्लू फैलने की आशंका बढ़ गई है। रविवार को हाकमपुर गांव में एक बगुला मृत पाया गया था जबकि उझारी नगर पंचायत में एक कबूतर बीमार मिला था जिसकी दोनों आंखें सूजी हुई थीं। पक्षियों की इस तरह अचानक मौत और बीमारी देखकर स्थानीय लोग चिंतित हैं। सोमवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आभा दत्त के नेतृत्व में हसनपुर के उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ. चरनजीत सिंह ने टीम के साथ उझारी में पहुंचकर जांच की। तीन अलग-अलग कबूतर पालकों के घर पहुंचकर तीन सैंपल लिए। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह घबराएं नहीं और सावधानी बरतें।

## NEWS / फटाफट

### 24 को 12वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता

**नैनीताल ।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में 12वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति में 24अगस्त (रविवार) को शहर के गोवर्धन हाल (सेवा समिति)मल्लीताल मै खेली जायेगी जिसकी तैयारी चल रही हैं । नैनीताल जिला शतरंज सचिव ईश्वर दत्त तिवारी के मुताबिक प्रतियोगिता अंडर 9, अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15 तथा अंडर 18 में बालक और बालिका वर्ग में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 500 रुपया प्रति खिलाड़ी रखा गया है। संस्था द्वारा वर्ष 1992 से लगातार शतरंज प्रतियोगिता कराई जा रही है। प्रवेश की अंतिम तिथि 20 अगस्त (बुधवार) रखी गई है। प्रतियोगिता में सभी वर्गों में प्रथम स्थान से लेकर पांचवे स्थान तक ट्रॉफ ी प्रदान की जाएगी तथा सभी वगों में पहले से लेकर तीसरे स्थान तक बालिकाओं को ट्रॉफ ी प्रदान किए जाएंगे। ओवरऑल स्कूल ट्रॉफी 3 स्थानों तक दिए जाएंगे। टूर्नामेंट में आर्बिटर नीरज शाह, दिव्यांशु तिवारी व शेर सिंह बिष्ट होंगे।

### 409 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी ने पौधारोपण अभियान के तहत सोमवार को 409 वें दिन पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में गोविंद कापड़ी, उमेश कापड़ी व मंदिर के पुजारी मोहन चंद्र ओली द्वारा सहयोग दिया गया। पौधारोपण के साथ-साथ पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण भी किया गया। उन्होंने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। गुरुरानी के मुताबिक दोनों निगमों में लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर 3 जुलाई 2024 से पौधारोपण के माध्यम से आंदोलन प्रारंभ किया है जिसने अब पौधारोपण अभियान का नाम ले लिया। इस आंदोलन से निगम स्तर की कई समस्याओं का समाधान हुआ लेकिन नियमितीकरण का प्रस्ताव सरकार ने कैबिनेट में तो पारित किया लेकिन नियमावली जारी नहीं हुई।

### अधिवक्ता के पिता व आपदा में मृतकों के लिए शोक

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को रिंकेश कुमार रावत (अधिवक्ता) के पिताजी व उत्तरकाशी जिले में धराली तथा जम्मू कश्मीर के किस्तवाड़ा एवं कठुआ में बादल फटने से हुई त्रासदी में मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिए एक शोक सभा की गयी। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक सभा में दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन समेत कमल पाण्डे, राम सिंह सममल, आनन्द सिंह, दीप चन्द्र जोशी, विशाल सिंह मेहरा, निपुश मौला,रजत खोलिया, सरिता बिष्ट, चेतना लटवाल, कुन्दन सिंह, एस0एस0 अधिकारी आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### अर्जुन अवॉर्डी मनोज में पेरू में जीता स्वर्ण और रजत पदक

**रुद्रपुर।** पेरू पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल प्रतियोगिता में अर्जुन अवॉर्डी पैरा खिलाड़ी मनोज सरकार ने जलवा दिखाया है। उन्होंने एकल में रजत और डबल्स में स्वर्ण पदक जीता है। छह दिन तक चली प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित सात मेडल जीते हैं। सोमवार को पेरू से दूरभाष पर पेरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार ने बताया कि पेरू के लीमा शहर में 12 अगस्त से पेरू पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल प्रतियोगिता शुरू हुई थी और प्रतियोगिता 17 अगस्त तक चली थी। उन्होंने एकल वर्ग के दो मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में भारत के पूज्यम मिश्रा को हराया था। सेमीफाइनल में फ्रांस के मैथ्यू थॉमस को 21 -14, 15-21,21-18 से हराकर फाइनल में पहुंचे थे। रविवार को रात फाइनल में वे जापान के देसूकी फुजिहारा से 16- 21,21-11 से हार गए थे और रजत पदक जीता था। डबल मुकाबले का उनके जोड़ीदार उड़ीसा के दीप रंजन थे। उनकी जोड़ी ने फाइनल में फ्रांस और पुर्तगाल के खिलाड़ियों की जोड़ी को 22-20,21-11 से शिकस्त दी थी और स्वर्ण पदक जीता। बताया कि प्रतियोगिता में भारत से 13 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।




# शिक्षकों का चॉक डाउन और कार्य बहिष्कार का आंदोलन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर सोमवार से शिक्षकों का चॉक डाउन और कार्य बहिष्कार का आंदोलन शुरू हो गया है।

राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री डॉ. कन्नू जोशी ने बताया कि विगत कई वर्षो से पदोन्नति प्रक्रिया रुकी हुई है, शिक्षक जिस पद पर सेवा प्रारंभ कर रहे हैं 25-30 वर्षो तक उसी पद पर सेवा करके रिटायर हो जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्थानांतरण,वेतन विसंगति, यात्रवकाश तथा चयन प्रोन्नत में एक वेतनवृद्धि सभी शिक्षकों को मताधिकार आदि कई अन्य समस्याएं भी हैं जिनका कई वर्षों से निराकरण नहीं हो पाया है।

दूसरी ओर सोमवार को प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर भीमताल बलाक के राजकीय इंटर कालेज रौशिल में भी कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डा कन्नू जोशी, महेंद्र चिलवाल,हेम त्रिपाठी,आभा वर्मा,नरेंद्र नाथ गोस्वामी तथा नवीन भट्ट रहे।

# छात्र गर्वित ने राष्ट्रीय शतरंज में अपना स्थान बनाकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी के छात्र गर्वित पन्त ने राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाकर स्कूल तथा उत्तराखंड के लिए गौरव बढ़ने का कार्य किया है।

उत्तराखंड स्टेट चेस एसोसियेशन द्वारा 11 से 13 अगस्त तक किच्छा में आयोजित की गयी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में खेलते हुए गर्वित पन्त ने खेले गए 6 मुकाबलों में से 4 में जीत तथा एक बाजी ड्रा खेलकर अपना स्थान राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए पक्का कर लिया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता आन्ध्र प्रदेश में 21 सितम्बर से 1 अक्तूबर के मध्य खेली जायेगी। गर्वित के शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में उसे सम्मानित करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने की शुभकामनाये दी गयी। पिछले 2 वर्षों से शतरंज खेल रहे गर्वित ने बताया कि उत्तराखंड की टीम में उनके अलावा देहरादून से सिराली, रुद्रपुर से शुशील जैन, हल्द्वानी से धैर्य बोरा भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, सुरेश चन्द्र मिश्रा , महेश चन्द्र जोशी, प्रदीप मित्रा, सुन्दर सिंह कपकोटी, लीला रावत समेत तमाम शिक्षकों तथा छात्रों ने गर्वित पन्त को बधाई व शुभकामना प्रेषित की हैं।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सम्मिलित रूप से सुंदर झांकी का निर्माण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

कक्षा आठवीं की छात्रा आकांक्षा बालियान द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार पूर्वक विचार रखे गए। विद्यार्थी हर्षित कुमार और यश कुमार द्वारा गोविंद गोपाल व कक्षा पांचवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा फूलों में सज रहे हैं भजन और जय कृष्ण हरे आरती की प्रस्तुति दी गई जबकि शिक्षक वर्ग की ओर से कंप्यूटर शिक्षिका उर्वशी पाण्डे द्वारा श्री कृष्ण पर कुमाऊंनी भजनख्वर मोर पंख हाथ में मुरुली सभी शिक्षकों द्वारा अरे द्वार पालो कन्हैया से कह दो विज्ञान शिक्षिका किरन रौतेला द्वारा बरसाने से आई हूं संगीत शिक्षक अजेय कुमार द्वारा राधा बृज की कहानी हो गई भजन प्रस्तुत किए गए कक्षा आठवीं की छात्रा कृतिका खत्री द्वारा मोहे पनघट पे नंदलाल गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एस0एस0नेगी ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के सम्मिलित प्रयास की प्रशंसा की और सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में श्री नेगी ने विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे छात्रावास में रह रहे सभी विद्यार्थियों को पारिवारिक माहौल प्रदान करने की बात कही ताकि बच्चे घर से बाहर रहकर भी घर जैसा महसूस करें। कार्यक्रम स्थल पर छात्रावास के विद्यार्थी, शिक्षक वर्ग, अभिभावक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा वैष्णवी ढौंडियाल द्वारा किया गया।

# तीन दिवसीय स्वच्छता जागरुकता अभियान

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



टीम एकसप्लोरर द गुड ट्रैवलर द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से लगातार दो वर्षों से केदारनाथ में सफलता पूर्वक स्वच्छता अभियान आयोजित करने के बाद अब नैनीताल जिले को प्लास्टिक कचरे से मुष्ठह करने के लिए स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर एक तीन दिवसीय स्वच्छता के प्रति जागरुकता अभियान की शुरुआत की।

इसके तहत नैनीताल जिले के कैंची धाम, नौकुचियाताल, साततताल आदि सहित विभिन्न जगहों पर स्वच्छता के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है । अभियान का नेतृत्व आदित्य तिवारी तथा पंकज कांडपाल द्वारा किया जा रहा है जिसमे लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान तथा साफ सफाई के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिएए बल्कि हमारे ग्रह के स्वास्थ्य के लिए भी समस्याएँ पैदा कर सकता है। प्लास्टिक को जलस्रोतों में फेंकना और सडक़ों पर कूड़ा फेंकना जितना हम सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा खतरनाक है। पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का उपयोग शुरू करना अच्छी शुरुआत होगी। अगर हम सब मिलकर एक कदम आगे बढक़र लास्टिक को ना कहें के लिए प्रेरित करें तो हमारे ग्रह को सुरक्षित बनाना संभव हो सकता है। अपने देश कि प्राकृतिक सुन्दरता को बनाये रखने् तथा आपदाओं से बचने के लिये लिए इसे प्रदूषण मुक्त रखना होगा। भारत देश को स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त बनाएं रखने हेतु हमारा यह एक छोटा सा अभियान है कोई स्थाई हल नहीं ।

संस्था ने सभी जनता से तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं तथा टूरिस्ट से हमारा अनुरोध किया है कि कचरा इधर उधर ना फैलाएं उसे कूड़ेदान में ही डालें तथा प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें, कहा है कि पृथ्वी हमारा घर है अत: इसे स्वच्छ रखना हमारी ही जिमेदारी है।

# अभिमत

## सामूहिक जिम्मेदारी

*कुछ साल पहले दीपावली पर चीन निर्मित बिजली ही झालरों और अन्य सामान के बहिष्कार का मीडिया के माध्यम से अभियान छेड़ा गया। बहुत से लोगों ने घरों को चीन की झालर से नहीं सजाया, लेकिन स्वदेशी सजावट का सामान उपलब्ध नहीं होने से निराश रहे। एक-दो साल बाद पुनः मेड इन चाइना का सामान भारत के बाजार में धड़ल्ले से बिकने लगा। अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विदेशी सामान खरीदोगे तो आपका पैसा चीन जैसे देश को जाएगा। फिर वह आतंकियों के पास जाएगा और आपके खिलाफ इस्तेमाल होगा।*

विदेशी सामान के बहिष्कार की बात समय-समय पर होती रही है। कुछ साल पहले दीपावली पर चीन निर्मित बिजली ही झालरों और अन्य सामान के बहिष्कार का मीडिया के माध्यम से अभियान छेड़ा गया। बहुत से लोगों ने घरों को चीन की झालर से नहीं सजाया, लेकिन स्वदेशी सजावट का सामान उपलब्ध नहीं होने से निराश रहे। एक-दो साल बाद पुनः मेड इन चाइना का सामान भारत के बाजार में धड़ल्ले से बिकने लगा। अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विदेशी सामान खरीदोगे तो आपका पैसा चीन जैसे देश को जाएगा। फिर वह आतंकियों के पास जाएगा और आपके खिलाफ इस्तेमाल होगा। अपने पैसे को अपने खिलाफ उपयोग मत होने दीजिए। दरअसल आतंकवाद का गढ़ पाकिस्तान है। पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकी भारत में घुसपैठ करके खूनखराबा करते हैं। पाकिस्तान को चीन फंडिंग करता है। चीन प्रत्यक्ष और परोक्ष तौर पर भारत के खिलाफ कार्य कर रहा है। चीन निर्मित घटिया सामान से भारत के बाजार भरे हुए हैं। सस्ता होने के कारण लोग खरीदते हैं। मेड इन इंडिया निर्मित बिजली का सामान, खिलौने और इलेक्ट्रानिक वस्तुएं महंगी हैं। सबसे पहले चीन के एलईडी बल्ब बाजार में आये। भारत की कंपनियों ने एलईडी बल्ब तो बनाया, लेकिन चीन के बल्ब की कीमत से कई गुना महंगा था। अब मेड इन इंडिया के कुछ सामान की कीमत उपभोक्ता की आर्थिक क्षमता के अनुरूप है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्योहार आने वाले हैं और प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी मंत्र को याद रखना है। त्योहार के अलावा भी विदेशी सामान का इस्तेमाल हो रहा है। विवाह तथा अन्य कार्यक्रमों में होटल, बैंक्वेट हाल चीन निर्मित बिजली के सामान तथा अन्य सजावटी सामग्री से जगमग रहते हैं। फिजूलखर्ची करने वाले खुशी मनाने के लिए बेइंतहा आतिशबाजी करते हैं। मैच और चुनाव जीतने पर आतिशबाजी की भरमार है। आतिशबाजी का सबसे अधिक आयात चीन से होता है। योगी आदित्यनाथ ने जनता को स्वदेशी सामान खरीदने का सुझाव दिया है। स्वदेशी मंत्र सिर्फ जनता के लिए नहीं है, यह सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार को विदेशी सामान का आयात बंद करके स्वदेशी उत्पाद गुणवत्तायुक्त और उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना चाहिए। घटिया विदेशी सामान खरीदना उपभोक्ता की मजबूरी है।

# एशिया कप के लिए आज घोषित होगी टीम इंडिया

**मुंबई**
**एजेंसी**



आज एशिया कप टी20 2025 के लिए भारतीय टीम का एलान होगा। सबसे बड़ी पहेली शुभमन गिल को लेकर है। गिल टेस्ट टीम के कप्तान हैं, लेकिन हाल फिलहाल में कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है। पिछले साल रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास के बाद यह टीम काफी बदल चुकी है और अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति हाल फिलहाल में खेलने वाली टीम को ही एशिया कप के लिए यूएई भेज सकती है।

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव मुंबई स्थित बीसीसीआई हेडक्वार्टर पहुंच चुके हैं। थोड़ी ही देर में टीम का एलान हो सकता है। भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी, तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए नौ से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं। बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन (आईपीएल सर्वाधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप विजेता) को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता।

गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है, लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है।

टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारूपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं।

## चौकी प्रभारी के विरुद्ध कांग्रेस नेताओं व पार्षदों ने खोला मोर्चा

**रुद्रपुर।** भूत बंगला के कांग्रेसी पार्षद से दुर्व्यवहार पर कांग्रेस नेताओं और पार्षदों ने चौकी प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द ही प्रभारी को चौकी से नहीं हटाया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा और नेता मोहन खेड़ा के साथ सोमवार को कांग्रेसी पार्षद व कार्यकर्ता रम्पुरा चौकी के गेट पर एकत्र हुए। प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं ने कहा कि भूत बंगला के कांग्रेस पार्षद परवेज कुरैशी सर्वाधिक मतों से विजयी हुए हैं। वार्ड की छोटी-बड़ी समस्याओं को लेकर जब पार्षद रम्पुरा चौकी में जाते हैं तो प्रभारी उनके साथ दुर्व्यवहार करता है और प्रताड़ित करना शुरू कर देता है। चौकी प्रभारी पार्षद के साथ अमर्यादित व्यवहार करता है। उन्होंने एसएसपी से तत्काल चौकी प्रभारी को हटाने की मांग की । यहां पार्षद व नेता प्रतिपक्ष गौरव खुराना, पार्षद सौरभ राज बेहड़, पार्षद जितेश शर्मा, पार्षद शुभम दास, पार्षद सौरभ शर्मा, पार्षद राजू कोली, पार्षद परवेज कुरैशी, पार्षद इंदरजीत सिंह, पार्षद गौरव गिरि, पार्षद अशफाक अंसारी, पार्षद बाबू खान रहे।



## फीनिक्स पब्लिक स्कूल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**किच्छा**
**हमारे संवाददाता**

फीनिक्स पब्लिक स्कूल किच्छा में छात्रों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों की टीम में आशीष जोशी, मनोहर सिंह बिष्ट एवं आनंद सिंहने इस पहल का नेतृत्व करते हुए विद्यार्थियों की विस्तृत नेत्र जांच की।

इस शिविर में कक्षा 3 से 10 तक के छात्रों की जांच की गई। इस पहल के माध्यम से छात्रों की दृष्टि और नेत्र स्वास्थ्य का आकलन किया गया तथा नियमित जांच और सावधानियों के महत्व के प्रति जागरूकता भी फैलायी गई।

कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह शिविर अत्यंत सफल रहा। प्रधानाचार्य सजल सरोहा ने टीम का हार्दिक स्वागत करते हुए छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## हत्या के मामले में जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में दायर जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद हरिद्वार निवासी याचिकाकर्ता को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। हरिद्वार निवासी निसार ने हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दायर कर कहा था कि 11 मई 2025 को हत्या के मामले में पुलिस स्टेशन पाथरी जिला हरिद्वार में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया था कि उस पर लगाया गया आरोप गैर हत्या का है। मृतक और याचिकाकर्ता तथा सह अभियुक्तों के बीच कुछ हंगामा हुआ था और बारात की बस में चढ़ते समय इसी हंगामे में मृतक मुजमिल की मृत्यु हो गई। जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि मृतक का पोस्टमार्टम किया गया था और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के शरीर पर कोई मृत्यु पूर्व चोट के निशान नहीं थे और मृत्यु का कारण हृदयाघात के कारण है। घटना के समय मृतक की आयु 40 वर्ष थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसका वह मृतक मुजमिल के मौत का कोई लेना-देना नहीं है। उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

# फिल्मी दुनिया

## 3 इडियट्स में अभिनय करने वाले अच्युत पोतदार का निधन



*91 साल की उम्र में अभिनेता अच्युत पोतदार ने अंतिम सांस ली है। वह हिंदी फिल्मों में सहायक भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स' में अच्युत पोतदार ने एक प्रोफेसर का रोल किया था। उनका फिल्म में एक चर्चित डायलॉग था, 'अरे कहना क्या चाहते हो?' यह डायलॉग फिल्म के बाद काफी पॉपुलर हुआ, मीम्स की दुनिया में भी यह डायलॉग खूब इस्तेमाल किया जाता है।*

*अभिनेता अच्युत पोतदार की तबियत 18 अगस्त को अचानक खराब हुई, उन्हें हास्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन वह स्वस्थ्य ना हो सके। अब उनके निधन की खबर सामने आई, इस खबर से सिनेमा जगत में शोक की लहर है। 19 अगस्त आज यानी मंगलवार को अच्युत पोतदार का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मध्य प्रदेश के रीवा में प्रोफेसर के तौर पर अच्युत पोतदार ने काम किया। फिर वह सेना में शामिल हुए। 1967 में कैप्टन के पद से रिटायर हुए। आगे चलकर उन्होंने इंडियन ऑयल कंपनी में काम किया। यही काम करते हुए वह थिएटर से जुड़ गए, स्टेज पर प्ले में एक्टिंग करने लगे। फिर 44 साल की उम्र में फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। वह फिल्म '3 इडियट्स' में एक प्रोफेसर का रोल निभाकर ही मशहूर हुए थे।*

### इन फिल्मों में भी आए नजर

*सिर्फ आमिर खान की '3 इंडियट्स' में ही अच्युत पोतदार ने अभिनय नहीं किया। वह कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा बने। वह 'दबंग 2', 'फेरारी की सवारी' और अमिताभ बच्चन की 'भूतनाथ' में भी नजर आए थे। टीवी सीरियल 'अमिता का अमित' में भी उन्होंने अभिनय किया।*

## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत, परिजनों में कोहराम

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

अलग-अलग घटनाओं में परिवारों में मातम छा गया। दो परिवारों के लिए कभी न भूलने वाला दर्द लेकर आया। पूर्वी घोड़ानाला, बिंदुखत्ता निवासी 33 वर्षीय पूजा बिष्ट ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ गटक लिया।

परिजन उसे उपचार उसे सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चला। मगर उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दो बच्चों की मां पूजा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस जहरीला पदार्थ खाने के पीछे की वजहों की जांच कर रही है। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

उधर काशीपुर के 29 वर्षीय युवक राहुल ठाकुर की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह बाइक से रामनगर जा रहा था, तभी नेशनल हाईवे पर

**घटना**

● काशीपुर के 29 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत

टांडा और चिल्किया के बीच उसकी बाइक बोलेरो से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

राहुल रामनगर में एक व्यापारी की कार चलाने का काम करता था और उसे अपने मालिक को लेकर नोएडा जाना था। वह बीते दिवस घर से निकला था, लेकिन कुछ ही देर बाद यह दर्दनाक हादसा हो गया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक का शव पैतृक गांव मुरादाबाद, यूपी ले जाया गया है।

## News कॉर्नर

### रेत में एक बाइक रपटी, बाइक सवार गंभीर

**नैनीताल ।** नगर के नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग पर सोमवार को पाईंस के समीप सड़क में पड़ी रेत में एक बाइक सवार की बाइक रपट गयी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक सात नंबर निवासी अनुराग कुमार सोमवार सुबह अपनी बहन को लेकर बाइक से भवाली जा रहा था। वह पाइंस क्षेत्र में पहुंचा ही था कि मोड़ में सड़क पर बिखरे रेते में बाइक रपट गई। जिससे दोनों बाइक समेत छिटक कर दूर जा गिरे। हादसे में अनुराग बुरी तरह चोटिल हो गया। हादसा होता देख पास में पार्किंग संचालन कर रहे कर्मचारी मदद को पहुंचे। कर्मियों ने निजी वाहन से युवक को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टमटा ने बताया कि युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### बस व कार की आमने सामने भिड़ी, बाल-बाल बचे

**नैनीताल ।** नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के ताकुला क्षेत्र में बस व कार की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। पुलिस ने पहुंच यातायात सुचारु करवाया। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर रुद्रपुर डिपो की बस नैनीताल से रुद्रपुर की ओर जा रही थी। ताकुला के समीप सामने से आ रही कार टकरा गई। टक्कर से कार का टायर तेज आवाज कर फ टा तो बस में बैठी सवारियों में भी हडकंप मच गया। हादसे के बाद सड़क पर यातायात भी बाधित हो गया। सूचना पर ज्योलीकोट पुलिस ने पहुंच यातायात सुचारु करवाया। चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा ने बताया कि दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। दोनों पक्षों में आपसी समझौता होने के कारण दोनों की नाम पता समेत अन्य जानकारी भी नहीं ली गई।

# पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया

**नई दिल्ली** एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट ग्रुप



कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने बीते दिन यानी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उनके बीच काफी लंबी, विस्तृत और रोचक बातचीत हुई। इससे जुड़ा करीब 10 मिनट का वीडियो पीएम मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स साझा किया। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुक्ला से कहा कि आपका अनुभव हमारे गगनयान मिशन के लिए बहुमूल्य होगा। भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए हमें 40-50 अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह चाहिए। इसे लेकर शुभांशु ने प्रधानमंत्री से कहा कि भारत के गगनयान मिशन में दुनिया भर में काफी रुचि है। वीडियो में सबसे पहले कुछ अहम अंश दिखाए गए, जिसमें शुभांशु भारत की संभावनाओं पर बात करते दिखाए गए। पीएम मोदी ने शुभांशु से उस होमवर्क के बारे में भी पूछा, जो उन्होंने पिछली बातचीत के दौरान ग्रुप कैप्टन को सौंपा था। पीएम मोदी ने शुभांशु से मूंग और मेथी के प्रयोग के बारे में भी पूछा। इस दौरान शुभांशु ने बताया कि मिशन के दौरान उनके साथी उनसे हस्ताक्षर करा कर ले गए हैं कि जब भी आपका गगनयान मिशन जाएगा, आप हमें न्योता जरूर देंगे।

बातचीत के दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा, %अंतरिक्ष स्टेशन पर खाना एक बड़ी चुनौती है, जगह कम होती है और सामान महंगा होता है। आप हमेशा कम से कम जगह में ज्यादा से ज्यादा कैलोरी और पोषक तत्व पैक करने की कोशिश करते हैं। हर तरह से प्रयोग चल रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, जिससे भी मिला, सभी मुझसे मिलकर बहुत खुश हुए, बहुत उत्साहित हुए। सबसे बड़ी बात यह थी कि सभी को पता था कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में क्या कर रहा है।

# 645 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन समेत दो को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

पुलिस ने नशा विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। रेंज एसओटीएफ और थाना बनभूलपुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने 17-18 अगस्त की रात गौला बाईपास रोड, स्लाटर हाउस के पास यात्री विश्राम गृह के समीप संदिग्ध ई-रिक्शा की जांच के दौरान 645 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड (2एमएल) इंजेक्शन बरामद किए।

पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान ई-रिक्शा में सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों मजहर खान उर्फ सोनू (35) और फैसल कुरैशी (35), दोनों थाना बनभूलपुरा नैनीताल के निवासी, को पकड़ा गया। तलाशी में उनके कब्जे से कुल 129 स्ट्रीप (प्रत्येक स्ट्रीप में 5 इंजेक्शन) ट्रामाडोल इंजेक्शन बरामद हुए। ट्रामाडोल का इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है, जिससे युवाओं को नशे की गिरफ्त में लाने का प्रयास



किया जा रहा था। इस कार्रवाई को आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशानुसार अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता नशे के खिलाफ जारी अभियान में महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में रेंज एसओटीएफ प्रभारी मडनि दीपा अधिकारी, हेड कांस्टेबल गिरीश चंद्र भट्ट, कांस्टेबल रिवेन्द्र सिंह, साथ ही थाना बनभूलपुरा पुलिस के उपनिरीक्षक नीरज चौहान, कांस्टेबल यासीन और लक्ष्मण राम शामिल थे।

# रोटरी क्लब हल्द्वानी ने बाल सुधार ग्रह व अस्पताल में जरुरतमंदों को फल व मिठाई का वितरण किए

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

रोटरी क्लब हल्द्वानी ने बाल सुधार ग्रह व महिला हॉस्पिटल पहुंचकर जरुरतमंदों को फल व मिठाई का वितरण करके उनके साथ एकात्मता प्रगट की गयी।

रोटरी क्लब ने महिला अस्पताल पहुचकर मरीजो तथा उनके तीमारदारों को फल तथा मिठाई देकर उनके दु:ख को साझा किया तथा उन्हें जरुरत पड़ने पर आगे भी सहायता देने की पेशकस की। रोटरी क्लब ने इसके बाद बाल सुधर ग्रह पहुचकर बालकों के साथ भी समय व्यतीत किया गया तथा रोज के कार्यक्रम से हटकर उन्हें फल और मिठाई खाने को उपलब्ध करायी जिसे बालकों ने काफी सराहा। इस अवसर पर रोटरी क्लब हल्द्वानी के मनोज शाह, वी के शर्मा, रमेश शर्मा, अनिल कर्नाटक, ललित मोहन भट्ट, नवीन पांडे, मनीष मित्तल, गिरीश गुप्ता, आर आर आर्या, आशीष दुम्का समेत तमाम पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे।



# पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार स्कूल में हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया नन्दोत्सव

**नैनीताल** हमारे संवाददाता

नगर के पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल वीरभट्टी नैनीताल में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष में नन्दोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने भगवान श्री कृष्ण के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं जलाभिषेक के साथ किया इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बालक-बालिकाओं ने श्रीकृष्ण और राधा की झांकियों के माध्यम से सभी को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, सुदामा चरित्रए जैसे विषय पर मनमोहक नृत्य व संवाद प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके जीवन से कर्तव्यनिष्ठा, मित्रता तथा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम के संयोजक अतुल पाठक और पवन जोशी रहे। कार्यक्रमों की प्रस्तुति में तापस कुशवाहा, अजय, सौरभ का मार्गदर्शन रहा। इसके साथ ही छात्र हर्ष, गन्धर्व, गर्व, अंश तथा अद्भुत, भव्य व अनय ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस जन्माष्टमी के पवन उत्सव पर विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विपिन ने छात्रों और अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन अपने संस्कारों एवं भारतीयता को प्रदर्शित करते हैं |कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावक गण एवं छात्र उपस्थित रहे।



### ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बने जसपाल सिंह

**काशीपुर।** ग्राम प्रधानों ने बैठक करके जसपाल सिंह जस्सी को प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना है। उन्हें 34 ग्राम प्रधानों में से 28 का समर्थन मिला है। बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में एकत्र हुए ग्राम प्रधानों में से कुंडेश्वरी ग्राम प्रधान पायल चौधरी ने जसपाल सिंह जस्सी को प्रधान संघ का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। सभी 28 ग्राम प्रधानों ने अपनी सहमति दे दी। नवनियुक्त अध्यक्ष जसपाल सिंह जस्सी ने कहा कि वह ग्राम प्रधानों के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे।

# स्कूलों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा शिक्षा की आवश्यकता: डॉ. संजय

**नैनीताल** हमारे संवाददाता

संजय ऑर्थोपीडिक स्पाइन एवं मेटरनिटी सेंटर देहरादून केऑर्थोपीडिक सर्जन पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि वाहन चलाना आजकल रोजमर्रे की आवश्यकता है जिसके बिना कोई भी काम नहीं हो सकता चाहे शिक्षा हो, व्यापार हो, मनोरंजन हो या फिर पर्यटन, कहा कि प्रतिदिन वाहन में बैठने की आवश्यकता होती है जिसे या तो आप स्वयं चलाते हैं या फिर



आपके लिए कोई दूसरा चलाता है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए डॉ. संजय ने सरकार से अपील की कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा शिक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता के संदेश को जन जन तक फैलाएं। इंडिया एवं इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने कहा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें और चैपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

# भराड़ीसैंण में मॉर्निंग वॉक पर निकले धामी, आजीविका मिशन समूह की महिलाओं से मिले

**चमोली** हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भराड़ीसैंण में हैं। मानसून सत्र के लिए वह सोमवार को ही भराड़ीसैंण पहुंच गए थे। आज सुबह उन्होंने आजीविका मिशन समूह की महिलाओं से मुलाकात कर फीडबैक लिया।

भराड़ीसैंण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आजीविका मिशन समूह की महिलाओं से मुलाकात की। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का जनता को लाभ एवं क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक लिया। मानसून सत्र को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल सोमवार को ही भराडीसैण-गैरसैण पहुंच गए थे। आज



मंगलवार से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान यहां धारा 163 को लागू कर दिया गया है। जो सत्र समाप्ति की तिथि 22 अगस्त शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेगी। विधानसभा सत्र को सुव्यवस्थित, सफल व शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। उपजिलाधिकारी/परगना मजिस्ट्रेट गैरसैंण सोहन सिंह रांगड़ द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी, बगैर अनुमति सभा, सुरक्षा बैरियर तोड़ने, लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, हथियार लाने, उत्तेजक भाषण, पोस्टर-बैनर या सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह व भड़काऊ संदेश फैलाने जैसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।